पत्रांक–9A/राजस्व महा–अभियान 07–11/2025–1617(9A)/रा0,

# बिहार सरकार

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

जय सिंह,
सचिव।

ई–मेल

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता,
सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–17/06/2026

विषय :– राजस्व महा–अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों की स्कैनिंग, अप्लाई एवं निष्पादन करने हेतु आयोजित विशेष शिविर की अवधि दिनांक–21.06.2026 तक विस्तारित करने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–1518(9A), दिनांक–08.06.2026

महाशय,

आप अवगत है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा राजस्व महा–अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों की स्कैनिंग, संबंधित पोर्टल पर अप्लाई तथा निष्पादन करने हेतु सभी अंचलों में एक सप्ताह का विशेष शिविर आयोज़ित किये जाने का निदेश संसूचित है। उक्त के आलोक में अंचल स्तर पर **दिनांक–11.06.2026 से दिनांक–17.06.2026 (रविवार सहित)** तक विशेष शिविर का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों की स्कैनिंग, पोर्टल पर अप्लाई तथा निष्पादन करने का कार्य किया जा रहा है।

अद्यतन प्रतिवेदन के अनुसार राजस्व महा–अभियान के तहत् प्राप्त आवेदनों में से लगभग 96.00 प्रतिशत आवेदनों की स्कैनिंग तथा लगभग 60 प्रतिशत आवेदनों को पोर्टल पर अप्लाई किया गया है। विशेष शिविर के माध्यम से आवेदनों की स्कैनिंग, पोर्टल पर अप्लाई तथा निष्पादन करने के कार्य में संलग्न पदाधिकारियों/कर्मियों का प्रयास सराहनीय है। तथापि, राजस्व महा–अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों की स्कैनिंग, पोर्टल पर अप्लाई तथा निष्पादन के कार्य में शत–प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पाई है।

अतएव राजस्व महा–अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों की शत–प्रतिशत स्कैनिंग, पोर्टल पर अप्लाई तथा निष्पादन करने हेतु पूर्व निर्धारित **विशेष शिविर की तिथि को दिनांक–21.06.2026 (रविवार) तक विस्तारित** किया जाता है।

अतः अनुरोध है कि राजस्व महा–अभियान अवधि में प्राप्त आवेदनों का दिनांक–21.06.2026 (रविवार) तक विशेष शिविर के माध्यम से स्कैनिंग, पोर्टल पर अप्लाई तथा निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु अपने स्तर से सभी संबंधितों को निदेशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
17/6/26
(जय सिंह)
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/राजस्व महा–अभियान 07–11/2025–1617(9A)/रा0, पटना–15, दिनांक– 17/06/2026

प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी अपर समाहर्त्ता/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/सभी अंचल अधिकारी/सभी राजस्व अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/6/26
(जय सिंह)
सचिव।

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांकः–9A / राजस्व महा–अभियान 07–11 / 2025–1617 (9A) / रा0, पटना–15, दिनांक– 17/06/26

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(जय सिंह) 17/6/26
सचिव।

ज्ञापांकः–9A / राजस्व महा–अभियान 07–11 / 2025–1617 (9A) / रा0, पटना–15, दिनांक– 17/06/2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / विभागीय आई0 टी0 प्रबंधक, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(जय सिंह) 17/6/26
सचिव।